दिनांक : 07.09.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

उप राष्ट्रपति दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब से कुछ देर में सतना जिले के चित्रकूट पहुंचने वाले हैं। उप राष्ट्रपति का दोपहर 3 बजे चित्रकूट के आरोग्य धाम स्थित हैलीपेड पर सेना के हैलीकाप्टर से आगमन होगा। उप राष्ट्रपति आरोग्य धाम में स्थापित भारत रत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर श्रृद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके पश्चात सडक मार्ग से उत्तरप्रदेश के चित्रकूट स्थित जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय पहुंचकर आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री धनखड कार्यक्रम के पश्चात वापस मध्यप्रदेश के चित्रकूट आकर शाम सवा पांच बजे आरोग्य धाम स्थित हैलीपेड से हेलीकाप्टर द्वारा प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

गणेश चतुर्थी

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में भी जगह–जगह पंडालों और घरों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। 10 दिन तक चलने वाले उत्सव के दौरान बप्पा की पूजा करते हैं और अंतिम दिन प्रतिमा को धूमधाम से विसर्जित किया जाता है। राजधानी भोपाल में लागे गाजे–बाजे और पूजा अर्चना के साथ गणपति प्रतिमाओं की स्थापना कर रहे हैं। इंदौर में खजराना गणेश सहित गणपति मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नीमच जिले में गणेश प्रतिमाओं के कई पांडाल सजकर तैयार हो गए हैं वहीं बाजार में कई दुकानों पर गणेश प्रतिमाएं खरीदने के लिए लोगों की भीड नजर आ रही है। बाजार में मोदक के लिए मिठाई की दुकानों पर भी भीड है। पीओपी के साथ ही मिटटी की गणपति प्रतिमाओं की मांग है। शिवपुरी जिले में 50 से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित की जाएगी। 10 दिन तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अचल झांकियां लगाई जाएगी।

शहीद

सिक्किम पाक्योंग में वाहन दुर्घटना में कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र हरदुआकला निवास सैनिक प्रदीप पटेल शाहिद हो गए हैं। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव अंतिम संस्कार के लिए कटनी आ रहा है । आज शाम कटनी जिले के उसके गृह ग्राम हरदुआ में अंतिम संस्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खजुराहो में शहीद सैनिक को अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री ने उनके परिवार को एक करोड आर्थिक राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन की ओर से एक करोड़ की राशि अमर शहीद के परिवार को दी जाएगी। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

भारत चीन–मोर्गन स्टेनले

भारत ने मॉर्गन स्टेनली कैपिटल इंटरनेशनल के इमर्जिंग मार्केट्स इन्वेस्टेबल मार्केट सूचकांक में चीन को पीछे छोड दिया है। सूचकांक में भारत का वेटेज 22 दशमलव दो–सात प्रतिशत रहा, जबकि चीन का 21 दशमलव पांच–आठ प्रतिशत रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, सूचकांक में इस बदलाव के बाद भारत में लगभग साढे चार अरब डॉलर के निवेश की संभावना है। इसके अलावा, भारत के बाजारों को अनुकूल व्यापक आर्थिक स्थितियों से लाभ हुआ है।

<u>सड़क हादसा</u>

विदिशा जिले में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में 4 लोगो की मौत हो गई वही 6 लोग गंभीर घायल है,जिनका उपचार किया जा रहा है। बताया गया है कि राजस्थान के लगभग 10 श्रद्धालु तीर्थ यात्रा से वापस अपने क्षेत्र झालावाड़ जिले में लौट रहे थे,उसी दौरान विदिशा जिले के अंतर्गत आने वाले लटेरी में ब्यावरा से बीना मार्ग पर तड़के 4 बजे के उनका वाहन पीछे से ट्रक में टकरा गया।

मौसम

प्रदेश के 14 जिलों में आज तेज बारिश होने का अनुमान है। इनमें श्योपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर–मालवा, उज्जैन, झाबुआ, धार, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी और उमरिया जिले शामिल हैं। हालांकि, कई जिलों में तीखी धूप भी निकलेगी। मौसम विभाग के अनुसार आंध्र प्रदेश और ओडिशा के समुद्र तट पर लो प्रेशर एरिया सिस्टम सक्रिय है। वहीं, मानसून ट्रफ जैसलमेर से मप्र से होते हुए आगे गुजर रही है। इस वजह से दो दिन पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है।

समाचार संक्षेप में .....

1. नीमच जिले के मनासा तहसील क्षेत्र के ग्राम दतौली में एक देव प्रतिमा मिली है। प्रतिमा काले पत्थर की है जो जैन भगवान की प्रतीत हो रही है।
2. बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना ने जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर का औचक निरीक्षण किया कर व्यवस्थाओं को देखा।
3. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 सितम्बर को है। आगर मालवा में जिला स्तरीय कार्यशाला में सभी बच्चों को दवा खिलाने पर जोर दिया गया।

———————————————